# वित्त लेखे (खण्ड-I)

# 2013-14

# उत्तराखण्ड सरकार

## विषय सूची


| क्र0 सं0 | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | खण्ड–1 | |
| ▪ | विषय सूची | i-ii |
| ▪ | भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र | iv-v |
| ▪ | वित्त लेखे की मार्गदर्शिका | vii-xv |
| 1. | वित्तीय स्थिति का विवरण | 1-2 |
| 2. | प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण | 3-4 |
| | ▪ विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक (रोकड़ प्रवाह विवरण) | 5-7 |
| 3. | प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि) | 8-11 |
| 4. | व्यय का विवरण (समेकित निधि) | |
| | ▪ अ. व्यय क्रियाकलाप से | 12-14 |
| | ▪ ब. व्यय के स्वरूप से | 15-18 |
| | ▪ लेखों पर टिप्पणियाँ | 19-27 |
| I | ▪ परिशिष्ट–I "अ" (मियादी समायोजन) | 28 |
| | ▪ परिशिष्ट–I "ब" (i) मुख्य लेखा शीर्ष जहाँ अधिकांश प्राप्तियाँ "अन्य प्राप्तियों" में वर्गीकृत हैं। प्राप्तियाँ (राजस्व) | 29 |
| | ▪ परिशिष्ट–I "ब" (ii) मुख्य लेखा शीर्ष जहाँ अधिकांश व्यय "अन्य व्यय" में वर्गीकृत हैं। व्यय (राजस्व) | 30 |
| | ▪ परिशिष्ट–I "स" (उच्चंत शेष) | 31 |
| | खण्ड–2 | |
| | भाग–1 | |
| 5. | प्रगामी पूँजीगत व्यय का विवरण | 33-41 |
| 6. | उधार एवं अन्य देयताओं का विवरण | 42-46 |
| 7. | सरकार द्वारा दिये गये ऋणों एवं अग्रिमों का विवरण | 47-49 |
| 8. | सरकार द्वारा दिये गये अनुदानों का विवरण | 50-51 |
| 9. | सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों का विवरण | 52-56 |
| 10. | दत्तमत एवं प्रभारित व्यय का विवरण | 57-58 |

विषय सूची


| क्र0 सं0 | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | खण्ड–2 | |
| | भाग–2 व्यौरेवार विवरण | |
| 11. | लघु शीर्षवार राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों का **व्यौरेवार विवरण** | 61-94 |
| 12. | लघु शीर्षवार राजस्व व्यय का **व्यौरेवार विवरण** | 95-152 |
| 13. | पूँजीगत व्यय का व्यौरेवार विवरण | 153-301 |
| 14. | सरकार द्वारा निवेश का व्यौरेवार विवरण | 302-327 |
| 15. | उधार एवं अन्य देयताओं का व्यौरेवार विवरण | 328-346 |
| 16. | सरकार द्वारा दिये गये ऋणों एवं अग्रिमों का व्यौरेवार विवरण | 347-368 |
| 17. | राजस्व खाते से भिन्न व्यय हेतु निधियों के श्रोतों व उनके उपयोग का व्यौरेवार विवरण | 369-373 |
| 18. | आकस्मिकता निधि और लोक लेखा लेन–देनों का व्यौरेवार विवरण | 374-408 |
| 19. | उद्दिष्ट निधियों के निवेश का व्यौरेवार विवरण | 409-415 |
| | भाग–3ः परिशिष्ट | |
| II | वेतन पर तुलनात्मक व्यय | 417-426 |
| III | उपादान पर तुलनात्मक व्यय | 427-444 |
| IV | राज्य सरकार द्वारा दिया गया सहायक अनुदान/सहायता (संस्था एवं योजनानुसार) | 445-457 |
| V | वाह्य सहायतित परियोजनाओं का **व्यौरेवार विवरण** | 458-459 |
| VI | आयोजनागत व्यय (अ) केन्द्रीय योजनाएँ (ब) राज्य योजनाएँ | 460-487 |
| VII | एजेंसियों को लागू करने के लिए राज्य में केन्द्रीय योजना के धन का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (राज्य बजट के बाहर से उपलब्ध कराई गई धनराशि) (बिना जाँचा हुआ आँकड़ा) | 488-498 |
| VIII | शेषों का सार (संचित निधि, आकस्मिकता निधि और सार्वजनिक खाते) | 499-503 |
| IX | सिंचाई कार्यो के वित्तीय परिणाम | 504-505 |
| X | 31 मार्च 2014 को अपूर्ण पूँजीगत निर्माण कार्यों का विवरण | 506-520 |
| XI | वर्ष 2013–14 के दौरान राज्य के अनुरक्षण व्यय का **व्यौरेवार विवरण** (31 मार्च 2014 तक) | 521-523 |
| XII | वर्ष के दौरान मुख्य नीति निर्धारण के निहितार्थ बजट में प्रस्तावित नई योजनाओं हेतु भविष्य के रोकड़ प्रवाह के प्रभाव का विवरण (31 मार्च 2014 तक) | 524-528 |

# भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र

इस संकलन में 31 मार्च 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उत्तराखण्ड सरकार के वित्त लेखे शामिल हैं जो वर्ष के लिए सरकार की प्राप्तियों एंव संवितरणों के लेखाओं सहित वित्तीय स्थिति को दर्शाते हैं। ये लेखे दो खण्डों में प्रस्तुत किए जाते हैं, खण्ड–I राज्य के वित्त की समेकित स्थिति को प्रदर्शित करते हैं एवं खण्ड–II में लेखाओं को विस्तृत रूप में दर्शाते हैं। अनुदानों और प्रभारित विनियोगों के लिए वर्ष के लिए सरकार के विनियोग लेखाओं को पृथक संकलन में दर्शाया जाता है।

वित्त लेखाओं को नियन्त्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार एवं उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के साथ पठित हमारे पर्यवेक्षण के अन्तर्गत तैयार किया गया है और उन्हें उत्तराखण्ड सरकार के नियन्त्रण के अन्तर्गत ऐसे लेखाओं के कार्यचालन को रखने वाले उत्तरदायी खजानों, कार्यालयों और विभागों द्वारा प्रस्तुत वाउचरों, चालानों एवं प्रारम्भिक तथा सहायक लेखाओं और भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त हुए विवरणों से संकलित किया गया है। इस संकलन में विवरण संख्या 09, विवरण संख्या 11 की व्याख्यात्मक टिप्पणी संख्या 2 और परिशिष्टों V,VI, IX, X और XII को उत्तराखण्ड सरकार/निगमों/कम्पनियों/समुदायों जो ऐसी सूचना की परिशुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है, से प्राप्त हुई सूचना से सीधे तैयार किया गया है। परिशिष्ट VII को महालेखा नियंत्रक के केन्द्रीय योजना स्कीम निगरानी प्रणाली (सीपीएसएमएस) के पोर्टल में दिए गये विवरण के आधार पर तैयार किया गया है।

उत्तराखण्ड सरकार के नियन्त्रणाधीन कार्यरत कोषागार, कार्यालय/विभाग, प्रारम्भिक एवं सहायक लेखाओं की तैयारी और परिशुद्धता के साथ–साथ ऐसे लेखाओं तथा संव्यवहारों से संबन्धित लागू विधियों, मानकों, नियमों एवं विनियमों के अनुसार संव्यवहारों की नियमितता को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं। मैं लेखाओं को तैयार करने और उन्हें राज्य विधानमंडल को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी हूँ। लेखाओं को तैयार करने के लिए मेरे उत्तरदायित्व का निर्वहन महालेखाकार (ले0 एवं हक0) के कार्यालय के माध्यम से किया जाता है। इन लेखाओं की लेखापरीक्षा, इन लेखाओं पर उस लेखा परीक्षा के परिणामों के आधार पर अपना मत व्यक्त करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 149, 151 तथा भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की अपेक्षाओं के अनुसार स्वतन्त्र रुप से महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के कार्यालय के माध्यम से की जाती है। ये कार्यालय निश्चित संवर्गों, पृथक रिपोर्ट देने वाली प्रणालियों एवं प्रबंध संरचना के साथ एक स्वतंत्र संगठन है।

लेखापरीक्षा सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की गई थी। इन मानकों द्वारा यह अपेक्षा की जाती है कि हम योजना बनाएं और यथोचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा का निष्पादन करें कि लेखे तात्विक अयथार्थ कथन से मुक्त हैं। लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों एवं प्रकटनों से सुसंगत साक्ष्य के नमूने के आधार पर जाँच को शामिल किया जाता है।

मेरे अधिकारियों द्वारा प्राप्त अपेक्षित सूचना और स्पष्टीकरणों के आधार पर तथा लेखाओं की नमूना लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, अपनी पूर्ण जानकारी के अनुसार और दिए गये स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए मैं अपने पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार प्रमाणित करता हूँ कि व्याख्यात्मक 'लेखाओं के लिए टिप्पणियों' के साथ पठित वित्त लेखे वर्ष 2013-14 के लिए उत्तराखण्ड सरकार के प्रयोजन के लिए प्राप्तियों एवं संवितरणों का सही और स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं।

वर्ष अथवा पूर्व वर्षों के दौरान इन लेखाओं के अध्ययन के साथ–साथ की गई नमूना लेखापरीक्षा से उद्भूत ध्यान देने योग्य मुद्दे 31 मार्च 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पृथक रूप से प्रस्तुत की जाने वाली उत्तराखण्ड सरकार पर हमारे प्रतिवेदनों में शामिल हैं।

(शशि कान्त शर्मा)
भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक

दिनांक : 21 अक्तूबर 2014

स्थान : नई-दिल्ली

# वित्त लेखे की मार्गदर्शिका

(अ) सरकारी लेखों की संरचना का विस्तृत विहंगालोकनः–

1. उत्तराखण्ड सरकार का वित्त लेखा, राजस्व एवं पूँजीगत खातों, राज्य सरकार के सार्वजनिक ऋण के खातों एवं देनदारियों व संपत्तियों द्वारा मिले वित्तीय परिणामों के साथ, वर्ष के लिए सरकार की प्राप्तियों एवं व्ययों के खाते प्रस्तुत करता है।

2. सरकार के लेखे तीन भागों में रखे जाते हैं:–

भाग–**I** : समेकित निधिः

इस निधि में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व, राज्य सरकार द्वारा लिए गए सभी ऋण (बाजार ऋण, बॉण्ड, केन्द्रीय सरकार से लिया गया ऋण, वित्तीय संस्थानों से लिया गया ऋण, राष्ट्रीय अल्प बचत आदि), भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बढ़ाए गए अर्थोपाय एवं ऋण की अदायगी में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सभी राशियाँ सम्मिलित हैं। विधि के अनुसार एवं भारतीय संविधान द्वारा उपलब्ध उद्देश्यों व तरीकों के अलावा, इस निधि से कोई भी धनराशि विनियोजित नहीं की जा सकती है। व्यय की कुछ श्रेणियाँ (जैसे– संवैधानिक अधिकारियों का वेतन, ऋण अदायगी आदि) राज्य की संचित निधि पर एक प्रभार का गठन (प्रभारित व्यय) करती हैं एवं विधायिका द्वारा मतदान के अधीन नहीं है। अन्य सभी व्यय (दत्तमत व्यय) विधायिका द्वारा मतदान किये जाते हैं।

समेकित निधि में दो भाग सम्मिलित हैं:

राजस्व एवं पूँजी (ऋण समेत)। इन्हें आगे ''प्राप्तियों'' एवं ''व्यय'' में वर्गीकृत किया गया है। राजस्व प्राप्तियाँ वर्ग को तीन क्षेत्रकों में विभाजित किया जाता है, नामतः ''कर राजस्व'', ''गैर कर राजस्व'' एवं 'सहायता व योगदान में अनुदान''। ये तीन क्षेत्रक आगे उप–क्षेत्रकों में बंट जाते हैं, जैसे–''आय एवं व्यय पर कर'', राजकोषीय सेवाएँआदि। पूँजी प्राप्तियाँ वर्ग में कोई क्षेत्रक अथवा उप–क्षेत्रक नहीं होता।

राजस्व व्यय अनुभाग चार क्षेत्रकों में विभाजित होता है:– नामतः ''सामान्य सेवाएँ'', ''सामाजिक सेवाएँ'', ''आर्थिक सेवाएँ'' एवं ''सहायता व योगदान में अनुदान''। राजस्व व्यय वर्ग में ये क्षेत्रक आगे उप–क्षेत्रकों में बँट जाते हैं जैसे– ''राज्य के अंग'', ''शिक्षा, खेल, कला व संस्कृति'' आदि। पूंजी व्यय अनुभाग 8 उप–क्षेत्रकों में बाँटा जाता है– नामतः ''सामान्य सेवाएँ'', ''समाजिक सेवाएँ'', ''आर्थिक सेवाएँ'', ''सहायता व योगदान में अनुदान'', ''लोक ऋण'', ''ऋण एवं अग्रिम'', ''अन्तर्राज्यीय समायोजन'' एवं ''आकस्मिकता निधि में विनियोग''।

भाग–**II** आकस्मिकता निधि :

विधायिका विधि सम्मत एक आकस्मिकता निधि स्थापित कर सकती है, जो एक अग्रदाय प्रकृति की होती है। अप्रत्याशित व्ययों की पूर्ति हेतु आवश्यक धनराशि का राज्य विधान मण्डल द्वारा अनुमोदन होने तक दिए जाने वाले अग्रिमों की व्यवस्था हेतु यह निधि राज्यपाल के अधीन रखी जाती है। राज्य के समेकित निधि से सम्बन्धित क्रियाशील मुख्य शीर्ष में व्ययों को नामे करके आपूर्ति किया जाता है। वर्ष 2013–14 के लिए उत्तराखण्ड सरकार की आकस्मिकता निधि ₹ 600 करोड़ है।

भाग–**III** लोक लेखा :

अन्य सभी लोक धन जो शासन या उसकी तरफ से प्राप्त किए जाते हैं, जहां सरकार एक बैंकर अथवा ट्रस्टी के रूप में कार्य करती है, लोक लेखे में जमा किए जाते हैं। लोक लेखे में प्रतिदेय जैसे– अल्प बचत एवं भविष्य निधि, जमा (ब्याज एवं गैर–ब्याज), अग्रिम, आरक्षित निधि (ब्याज एवं गैर–ब्याज), धन–प्रेषण एवं उच्चंत शीर्ष (जो अस्थायी शीर्ष हैं– अंतिम लंबित बुकिंग) सम्मिलित होते हैं। सरकार के पास उपलब्ध कुल नकद शेष भी लोक खाते के अन्तर्गत शामिल किया जाता है। लोक खाते में छह क्षेत्रक होते हैं नामतः ''अल्प बचत'', ''भविष्य निधि आदि'' ''आरक्षित निधि'', ''जमा एवं अग्रिम'', ''उच्चंत एवं विविध'', ''धन प्रेषण'' एवं ''नकद शेष''। ये क्षेत्रक आगे उप–क्षेत्रकों में विभाजित होते हैं। लोक लेखा विधायिका द्वारा मतदान के अधीन नहीं है।

3. सरकारी लेखा एक छह स्तर के वर्गीकरण के अन्तर्गत प्रस्तुत होता है नामतः मुख्य शीर्ष (चार अंक), उप–मुख्य शीर्ष (दो अंक), लघु शीर्ष (तीन अंक), उप–शीर्ष (दो अक्षर) विस्तृत शीर्ष (दो अंक) एवं वस्तु शीर्ष (दो अंक)। मुख्य शीर्ष सरकार के कार्यों का प्रतिनिधित्व करता है, उप–मुख्य शीर्ष उप–कार्यों का प्रतिनिधित्व करता है, लघु शीर्ष कार्यक्रमों/गतिविधियों का, उप शीर्ष योजनाओं का, विस्तृत शीर्ष उप योजनाओं का एवं वस्तु शीर्ष व्यय का उद्देश्य/वस्तु का प्रतिनिधित्व करता है।

4. लेखों में वर्गीकरण की मुख्य इकाई मुख्य शीर्ष है, जिसमें कोडिंग पैटर्न शामिल होता है (31 मार्च 2014 तक संशोधित मुख्य व लघु शीर्षों की सूची के अनुसार)

| | |
|---|---|
| 0020 से 1606 | राजस्व प्राप्तियाँ |
| 2011 से 3606 | राजस्व व्यय |
| 4000 | पूँजी प्राप्तियाँ |
| 4046 से 7810 | पूँजी व्यय (ऋण समेत) |
| 7999 | आकस्मिकता निधि का विनियोजन |
| 8000 | आकस्मिकता निधि |
| 8001 से 8999 | लोक लेखा |

5. वित्त लेखा, सामान्य तौर पर (कुछ अपवादों के साथ) लघु शीर्ष तक के लेनदेन दर्शाता है। वित्त लेखा में आंकड़े निवल स्तर तक दर्शाए जाते हैं यानी व्यय लेखा में कमी के रूप में वसूली के लिए लेखांकन के बाद के। यह तरीका, विधानसभा में प्रस्तुत अनुदानों की मांगों एवं विनियोजन लेखों में, जहां व्यय सकल स्तर तक दर्शाया जाता है, से अलग होता है।

6. लेखों की संरचना का चित्रीय निरूपण नीचे दिया गया है :

सरकारी लेखों की संरचना



(ब) वित्त लेखों में क्या शामिल है–
वित्त लेखा दो खण्डों में प्रस्तुत किया जाता है।

खण्ड–1 में वित्त लेखे के लिए परिदर्शक, भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र, चार विवरण, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति एवं लेनदेन की संक्षिप्त जानकारी देते हैं, लेखों पर टिप्पणियों एवं लेखों पर टिप्पणियों का एक परिशिष्ट शामिल होता है। खण्ड–1 में चार विवरण निम्नानुसार हैं:–

1. वित्तीय स्थिति का विवरण:
यह विवरण राज्य सरकार की संपत्ति एवं दायित्वों के संचयी आंकड़े, जो वर्ष के अंत में प्राप्त होते हैं एवं पिछले वर्ष के अंत में स्थिति से तुलना के अनुसार दर्शाता है।

2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण:
इसमें वर्ष के दौरान सभी तीन भागों, जिसमें सरकारी लेखे रखे जाते हैं, नामतः समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखे, में सरकार की सभी प्राप्तियों एवं वितरणों को दर्शाया जाता है। इसके अलावा, इसमें एक अनुबन्ध होता है, जिसमें सरकार के नकद शेषों (निवेश समेत) का वैकल्पिक चित्रण दर्शाया जाता है। अनुबन्ध विस्तृत रूप से सरकार की अर्थोपाय स्थिति भी दर्शाता है।

3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि):
इस विवरण में राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियाँ तथा राज्य सरकार की उधारियाँ शामिल हैं। यह विवरण वित्त लेखे के खण्ड 2 में विस्तृत विवरण संख्या 11, 15 एवं 16 से सम्बद्ध है।

4. व्यय का विवरण (समेकित निधि):
वित्त लेखों के सामान्य चित्रण से लघु शीर्ष स्तर तक विचलन में, यह विवरण गतिविधि की प्रकृति (व्यय की वस्तु/उद्देश्य) द्वारा भी व्यय का ब्यौरा देता है। यह खण्ड–2 के विस्तृत विवरण संख्या 12 से सम्बद्ध है।

वित्त लेखे के खण्ड–2 में तीन भाग सम्मिलित हैं– भाग–I में छह संक्षिप्त विवरण, भाग– II में 9 विस्तृत विवरण एवं भाग–III में 12 परिशिष्ट।

खण्ड–2 का भाग–I
5. प्रगाामी पूंजीगत व्यय का विवरण:
यह विवरण भाग–II में विस्तृत विवरण संख्या 13 से संबद्ध है।
6. उधार एवं अन्य देयताओं का विवरण:
इसमें सरकार के उधारों के अन्तर्गत बाजार से लिया गया ऋण (आन्तरिक ऋण) तथा भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं अग्रिम सम्मिलित हैं। अन्य दायित्वों में अल्प बचत, भविष्य निधि, आरक्षित निधि एवं जमा शामिल होते हैं। इस विवरण में ऋण शोधन पर एक टिप्पणी भी सम्मिलित है एवं यह भाग–II के विस्तृत विवरण संख्या 15 से संबद्ध है।

7. सरकार द्वारा दिए गए ऋण एवं अग्रिमों का विवरणः

इसमें कर्जदारों के विभिन्न वर्गो जैसे–सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियाँ, स्वायत्त एवं अन्य निकाय/प्राधिकरण एवं प्राप्तकर्ता व्यक्तियों (सरकारी कर्मियों समेत) को राज्य सरकार द्वारा दिए गए सभी तरह के ऋणों एवं अग्रिमों को दर्शाया जाता है। यह विवरण भाग– II में विस्तृत विवरण सं0–16 से संबद्ध है।

8. सरकार द्वारा दिए गए अनुदानों का विवरणः

यह विवरण अनुदान ग्रहियों के विभिन्न वर्गो जैसे सांविधिक निगम, सरकारी कंपनियों, स्वायत्त एवं अन्य निकाय/प्राधिकरण एवं व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा दिए गए सभी सहायक अनुदानों को दिखाता है। परिशिष्ट–IV में प्राप्तकर्ता संस्थानों का ब्यौरा उपलब्ध है।

9. सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों का विवरणः

यह विवरण सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्थानीय निकायों एवं अन्य संस्थानों द्वारा लिए गए ऋणों पर मूलधन व ब्याज की अदायगी पर राज्य सरकार द्वारा दी गई वचनबद्धताओं को संक्षिप्त में दर्शाता है।

10. दत्तमत एवं प्रभारित व्यय का वि्वरणः

यह विवरण वित्त लेखे में प्रदर्शित निवल आंकड़ों का विनियोजन लेखे में दर्शाए सकल आँकड़ों के साथ मेल में सहायक होता है।

खण्ड–2 का भाग–II

11. लघु शीर्षवार राजस्व एवं पूँजीगत प्राप्तियों का ब्यौरेवार विवरणः –

यह विवरण वित्त लेखे के खण्ड–1 के संक्षिप्त विवरण संख्या– 3 से संबन्द्ध है।

12. लघु शीर्षवार राजस्व व्यय का ब्यौरेवार विवरण :– यह विवरण, जो खण्ड–1 में संक्षिप्त विवरण 4 से संबद्ध है, योजना (राज्य योजना, केन्द्र प्रायोजित योजनाओं व केन्द्रीय योजनाएँ) एवं गैर योजना के तहत राज्य सरकार के राजस्व व्यय को दर्शाता है। प्रभारित एवं दत्तमत व्यय स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाते हैं।

13. पूँजीगत व्यय का ब्यौरेवार विवरण :– यह विवरण, जो इस खण्ड के भाग–I में संक्षिप्त विवरण से संबद्ध है, योजना (राज्य योजना, केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं एवं केन्द्रीय योजनाएँ) एवं गैर योजना के तहत राज्य सरकार के पूँजी गत व्ययों (वर्ष के दौरान एवं संचयी) को दिखाता है। प्रभारित एवं दत्तमत व्यय स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होते हैं। लघु शीर्ष स्तर पर पूँजी गत व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के अलावा महत्वपूर्ण योजनाओं के सम्बन्ध में यह विवरण उपशीर्ष स्तर पर भी ब्यौरा दिखाता है।

14. सरकार द्वारा निवेश का व्यौरेवार विवरणः— यह विवरण सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, अन्य संयुक्त कंपनी, सहकारी संस्थान एवं स्थानीय निकायों की साम्य पूँजी में राज्य सरकार का निवेश दर्शाता है।

15. उधार एवं अन्य देयताओं का व्यौरेवार विवरणः— यह विवरण इस खण्ड के भाग— I के विवरण सं0—6 से सम्बद्ध है। इसमें राज्य सरकार द्वारा लिए सभी ऋण का विवरण (बाजार ऋण, केन्द्र सरकार से लिया गया ऋण, बॉन्ड, वित्तीय संस्थानों से लिया गया ऋण, राष्ट्रीय अल्प बचत को जारी विशेष प्रतिभूति आदि) एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिए गए अर्थोपाय अग्रिम शामिल होते हैं। यह विवरण तीन वर्गों के तहत ऋणों की जानकारी देता है— (अ) व्यक्तिगत ऋणों का विवरण (ब) परिपक्वता विवरणिका अर्थात अलग—अलग वर्षों में ऋणों की प्रत्येक श्रेणी के सम्बन्ध में देय राशि (स) बकाया ऋणों की ब्याज दर विवरणिका।

16. सरकार द्वारा दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों का व्यौरेवार विवरणः— यह विवरण इस खण्ड के भाग—I के संक्षिप्त विवरण सं0—7 से संबद्ध है।

17. राजस्व खाते से भिन्न व्यय हेतु निधियों के स्रोतों व उनके उपयोग का व्यौरेवार विवरणः— यह विवरण इस सिद्धान्त पर आधारित है कि राजस्व व्यय, राजस्व प्राप्तियों से पूरा किया जाना चाहिए, जबकि वर्ष का पूंजीगत व्यय, राजस्व अधिक्य से, सार्वजनिक खाते में निवल जमा शेष से, वर्ष के शुरू में नकद शेष से एवं उधार से चुकाना चाहिए।

18. आकस्मिकता निधि और लोक लेखा लेन—देनों का व्यौरेवार विवरणः

यह विवरण लघु शीर्ष स्तर पर आकस्मिकता निधि के अन्तर्गत अप्रतिपूरित राशि, वर्ष के दौरान लोक लेखे के लेनदेन की समेकित स्थिति एवं वर्ष के अंत में बकाया शेषों का व्योरा दर्शाता है।

19. उद्दिष्ट निधियों के निवेश का व्यौरेवार विवरणः

यह विवरण आरक्षित निधियों (लोक लेखे) से किए गए निवेश का व्यौरा दर्शाता है।

खण्ड—2 का भाग—**III** (परिशिष्ट)

भाग—III में प्रमुख केन्द्रीय योजनाओं एवं राज्य योजनाओं आदि के संबंध में वेतन, सब्सिडी, सहायता अनुदान, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएँ, प्राप्त केन्द्रीय एवं राज्य योजना के योजनावार व्यय समेत विभिन्न मदों पर 12 परिशिष्ट शामिल हैं। यह विवरण उप—शीर्ष स्तर अथवा नीचे (अर्थात लघुशीर्ष स्तर से नीचे) के खातों में होते हैं एवं इसलिए साधारणतया वित्त लेखे में नहीं दर्शाया जाता। परिशिष्टों की एक विस्तृत सूची खण्ड—1 अथवा 2 के सूचकांक में होती है। परिशिष्टों के साथ विवरणों को पढ़ना राज्य सरकार के वित्त की स्थिति की सही तस्वीर प्रस्तुत करती है।

(स) शीघ्र गणक :–

नीचे दिया अनुभाग / वर्ग खण्ड–2 में विस्तृत विवरणों व परिशिष्टों एवं खण्ड–1 में संक्षिप्त विवरणों को जोड़ता है। (परिशिष्ट, जिनका संक्षिप्त विवरणों से सीधा संपर्क नहीं है, को नीचे नहीं दर्शाया गया है।

| पैरामीटर | विवरणों का सार (खण्ड–1 / 2) | विस्तृत विवरण (खण्ड–2) | परिशिष्ट |
|---|---|---|---|
| राजस्व प्राप्तियाँ (प्राप्त अनुदानों सहित) | 2, 3 | 11 | |
| राजस्व व्यय | 2, 4 | 12 | II (वेतन), III (उपादान) |
| सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान | 2 | 8 | IV |
| पूँजीगत प्राप्तियाँ | 2, 3 | 11 | |
| पूँजीगत व्यय | 1, 2, 4 | 5, 13, 17 | |
| सरकार द्वारा दिए गए ऋण एवं अग्रिम | 1, 2, 7 | 16 | |
| ऋणों की स्थिति / उधार | 1, 2, 6 | 15 | |
| कम्पनी, निगमों इत्यादि में सरकार का निवेश | | 14 | |
| रोकड़ | 1, 2 | | VIII |
| लोक लेखा में अवशेष तथा उनका निवेश | 1, 2 | 18, 19 | |
| प्रत्याभूति | | 9 | |
| योजनाएँ | | | V (वाह्य सहायतित योजनाएँ), VI, VII |

(द) आवधिक समायोजन एवं पुस्तकीय समायोजनः

लेखे में आने वाले कुछ लेनदेन, बुकिंग के समय नकदी के वास्तविक संचलन को शामिल नहीं करते। इनमें से कुछ लेनदेन, खाता प्रतिपादन इकाइयों के स्तर पर हो जाते हैं। उदाहरण के तौर पर, वेतनों से सभी कटौतियों (जी0पी0एफ0, किए गए अग्रिमों की वसूली आदि) के समायोजन वाले लेनदेन राजस्व प्राप्ति के लिए पुस्तक समायोजन द्वारा (संबंधित विभाग से संबंधित) कार्यात्मक मुख्य शीर्ष डेबिट करके दर्ज किए जा रहे हैं। इसी प्रकार 'शून्य' बिल जहां राशि समेकित निधि एवं लोक लेखे के बीच स्थानांतरित होती है, इकाइयों प्रतिपादन खातों के स्तर पर होने वाली गैर नकदी लेनदेनों का प्रतिनिधित्व करता है।

उपर्युक्त के अलावा, प्रधान महालेखाकार/महालेखाकार (लेखा एवं हक0) आवधिक समायोजन एवं राज्य सरकार के खाते में निम्नलिखित प्रकृति की पुस्तक का समायोजन, जिसका ब्यौरा, परिशिष्ट 1 (खण्ड–1) में एवं संबंधित विवरणों की पाद टिप्पणी में होता है, पूरा करता है।

आवधिक समायोजन एवं पुस्तकीय समायोजन के उदाहरण निम्नलिखित हैं:–

(1) समेकित निधि से घटाकर लोक लेखे में निधियों की स्थापना/निधियों में अंशदान का समायोजन जैसे– आपदा राहत निधि, आरक्षित निधि, ऋण शोधन निधि आदि।

(2) समेकित निधि को नामे करते हुए लोक लेखे के जमा शीर्ष में जमा कर दिया जाना।

(3) सामान्य निधि पर ब्याज एवं राज्य सरकार के सामूहिक बीमा योजना के वार्षिक समायोजन, जहाँ मुख्य शीर्ष 2049 ब्याज अदायगी को नामे कर मुख्य शीर्ष 8009 सामान्य भविष्य निधि में जमा कर राज्य सरकार के सामान्य भविष्य निधि में ब्याज का समायोजन किया जाता है।

(4) केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार की योजना के तहत ऋण माफी का समायोजन। ये समायोजन (जहाँ केन्द्र सरकार से केन्द्रीय ऋण मुख्य शीर्ष 6004 ऋण एवं अग्रिम में कॉन्ट्रा प्रविष्टि द्वारा मुख्य शीर्ष 0075 विविध सामान्य सेवाओं में जमा कर बंद किया जाता है) राजस्व प्राप्तियाँ एवं लोक ऋण शीर्ष दोनों को प्रभावित करते हैं।

## 1. वित्तीय स्थिति का विवरण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (करोड़ ₹ में) | |
| क्र0 सं0 | सम्पत्ति (अ) | सन्दर्भ (विवरण संख्या) | | 31मार्च 2014 तक | 31मार्च 2013 तक |
| | | लेखों पर टिप्पणी | विवरण | | |
| | **रोकड़** | | | | |
| (i) | कोषागारों में रोकड़ एवं स्थानीय प्रेषण | | | 0.00 | 0.00 |
| (ii) | विभागीय शेष | | 18 | (-) 2.15 | (-) 2.15 |
| (iii) | स्थायी नकद अग्रदाय | | 18 | (-) 0.86 | (-) 0.86 |
| (iv) | नकद शेष निवेश लेखा | | 18 | 7,99.50 | 8,75.15 |
| (v) | भारतीय रिर्जव बैंक में जमा (यदि जमा राशि है तो (–) से चिन्ह से सम्मिलित) किया है। | | | 5,58.31 | (-) 5.21 |
| (vi) | उदि्दष्ट निधियों से निवेश (ब) | | 18 & 19 | 10,78.62 | 10,78.62 |
| | **पूंजीगत व्यय** | | | | |
| (i) | कम्पनियों व निगमों के अंशों में निवेश | | 14 | 26,76.51 | 23,96.90 * |
| (ii) | अन्य पूंजीगत व्यय | | 13 | 2,11,57.49 | 1,77,25.07 * |
| | **आकस्मिकता निधि (अप्रतिपूरित)** | | 18 | 2,79.63 | 97.15 |
| | **ऋण एवं अग्रिम** | | 16 | 9,40.97 | 7,18.21 |
| | **विभागीय अधिकारियों से अग्रिम** | | | | |
| | **उच्चंत तथा विविध शेष (स)** | | 18 | 3,77.57 | 3,59.41 |
| | **प्रेषण शेष** | | 18 | 11,24.53 | 14,41.73 |
| | **प्राप्तियों पर व्यय का संचयी आधिक्य (द)** | | परि. 8 एवं विव. 13 | 14,55.17 | 21,34.66 |
| | **योग** | | | **3,04,45.29** | **2,68,18.68** |

(*) भिन्नता का कारण प्रोफार्मा संशोधन है

(अ) सम्पतियां तथा दायित्व संचयी (Cumulative) है। कृपया 'लेखों पर टिप्पणी' संख्या 1 (ii) देखिए।

(ब) उदि्दष्ट निधियों से कम्पनियों के अंश आदि में निवेश पूंजीगत व्यय में सम्मिलित नही है तथा इनको उदि्दष्ट निधियों से निवेश के अन्तर्गत दिखाया गया है।

(स) इस विवरण में "उच्चंत एवं विविध शेषों" में नकद शेष निवेश लेखा सम्मिलित नही है जिसको अलग से दर्शाया गया है।

(द) प्राप्तियों का व्यय से संचयी (Cumulative) आधिक्य या व्यय का प्राप्तियों से संचयी आधिक्य, इस साल के राजस्व घाटा/राजस्व आधिक्य से भिन्न है।

## 1. वित्तीय स्थिति का विवरण

| क्र0 सं0 | दायित्व | सन्दर्भ (विवरण संख्या) | | 31मार्च 2014 तक | 31मार्च 2013 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लेखों पर टिप्पणी | विवरण | (करोड़ ₹ में) | |
| | **उधार (लोक ऋण)** | | | | |
| (i) | आन्तरिक ऋण | | 15 | 2,09,09.92 | 1,83,37.22 |
| (ii) | केन्द्र सरकार से ऋण तथा अग्रिम | | 15 | 4,45.20 | 4,61.54 |
| | आयोजनेत्तर ऋण | | 15 | 5.97 | 6.65 |
| | राज्य आयोजनागत योजनाओं हेतु ऋण | | 15 | 4,38.70 | 4,30.19 |
| | केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं हेतु ऋण | | 15 | 0.00 | 0.04 |
| | केन्द्रीय पुनरोधित आयोजनागत योजनाओं हेतु ऋण | | 15 | 0.00 | 24.13 |
| | अन्य ऋण | | 15 | 0.53 | 0.53 |
| | **आकस्मिकता निधि (संग्रह)** | | 18 | 6,00.00 | 2,00.00 |
| | **लोक लेखे पर दायित्व** | | | | |
| (i) | अल्प बचते, भविष्य निधियां आदि | | 18 | 50,42.79 | 47,20.34 |
| (ii) | जमा (#) | | 18 | 22,23.22 | 18,71.49 |
| (iii) | आरक्षित निधियां | | 18 | 12,24.16 | 12,28.09 |
| (iv) | प्रेषण शेष | | | | |
| (v) | उचंत और विविध शेष | | | | |
| | प्राप्तियों का व्यय पर संचयी आधिक्य | | | | |
| | **योग** | | | **3,04,45.29** | **2,68,18.68** |

(#) जमा में अग्रिम सम्मिलित है।

## 2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण

(करोड ₹ में)

| | प्राप्तियाँ | | | भुगतान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2012-13 | | 2013-14 | 2012-13 |
| भाग–1 समेकित निधि | | | | | |
| खण्ड क राजस्व | | | | | |
| राजस्व प्राप्तियाँ | **1,73,20.53** | **1,57,47.22** | राजस्व व्यय | **1,62,16.41** | **1,39,60.22** |
| कर राजस्व (राज्य द्वारा अधिरोपित) | **73,55.34** | **64,14.25** | वेतन (अ) | 64,31.24 | 57,24.44 |
| करेत्तर राजस्व | | | उपादान | 23.63 | 1,63.23 |
| | | | अनुदान (ब) (स) | 16,57.46 | 16,34.87 |
| ब्याज प्राप्तियां | 51.12 | 1,14.76 | सामान्य सेवाएँ | | |
| अन्य | 12,65.42 | 14,88.12 | ब्याज अदायगी तथा ऋण शोधन | 20,56.04 | 22,38.73 |
| योग | **13,16.54** | **16,02.88** | पेंशन | 21,30.67 | 13,65.69 |
| संघीय करों का अंश | 35,73.38 | 32,72.88 | अन्य | 3,90.74 | 3,61.97 |
| | | | योग | **45,77.44** | **39,66.39** |
| | | | सामाजिक सेवाएँ | 21,24.08 | 12,72.51 |
| | | | आर्थिक सेवाएँ | 7,34.15 | 7,01.92 |
| केन्द्र से अनुदान | 50,75.27 | 44,57.21 | स्थानीय निकायों तथा पंचायतीराज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेश | 6,68.41 | 4,96.86 |
| *राजस्व घाटा* | | | *राजस्व आधिक्य* | **11,04.12** | **17,87.00** |
| खण्ड ख पूँजीगत | | | | | |
| | | | | | |
| पूँजीगत प्राप्तियाँ | **1,80.40** | .. | पूँजीगत व्यय | **37,12.03** | **35,42.09** |
| | | | सामान्य सेवाएँ | 1,37.90 | 1,29.37 |
| | | | सामाजिक सेवाएँ | 8,40.81 | 7,14.82 |
| | | | आर्थिक सेवाएँ | 27,33.32 | 26,97.90 |
| ऋण तथा अग्रिम वसूली | **55.23** | **4,28.44** | ऋण तथा अग्रिम भुगतान | **2,77.99** | **2,72.57** |
| | | | सामान्य सेवाएँ | .. | 3.08 |
| | | | सामाजिक सेवाएँ | .. | |
| | | | आर्थिक सेवाएँ | 2,76.23 | 2,68.02 |
| | | | अन्य | 1.76 | 1.47 |
| लोक ऋण की प्राप्तियाँ | **40,38.48** | **29,82.59** | लोक ऋण का पुनः भुगतान | **14,82.12** | **14,87.37** |
| आन्तरिक ऋण (बाजार ऋण आदि) | 40,03.52 | 29,47.88 | आन्तरिक कर्ज (बाजार ऋण आदि) | 14,30.82 | 14,58.74 |
| भारत सरकार से ऋण | 34.96 | 34.71 | भारत सरकार से ऋण | 51.30 | 28.63 |
| | .. | .. | समेकित निधि विनियोजन | **4,00.00** | **..** |
| शुद्ध अर्न्तराज्यीय समायोजन | .. | .. | शुद्ध अर्न्तराज्यीय समायोजन | .. | .. |
| समेकित निधि की कुल प्राप्तियाँ | **2,15,94.64** | **1,91,58.25** | समेकित निधि की कुल व्यय | **2,20,88.55** | **1,92,62.25** |
| समेकित निधि में घाटा | **4,93.91** | **1,04.00** | समेकित निधि में आधिक्य | **..** | **..** |

## 2. प्राप्तियों एवं भुगतानों का विवरण

(करोड ₹ में)

| | प्राप्तियाँ | | | भुगतान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2013-14 | 2012-13 | | 2013-14 | 2012-13 |
| भाग–2 आकस्मिकता निधि | | | | | |
| आकस्मिकता निधि | **4,12.00** | **32.22** | आकस्मिकता निधि | **1,94.48** | **32.07** |
| भाग 3 लोक लेखा (य) | | | | | |
| अल्प बचतें | 13,13.17 | 11,59.18 | अल्प बचतें | 9,90.73 | 8,88.06 |
| संचय एवं ऋण शोधन निधि | 4,68.31 | 2,78.46 | संचय एवं ऋण शोधन निधि | 4,72.24 | 3,33.09 |
| जमायें | 29,66.81 | 22,32.83 | जमायें | 26,15.07 | 20,14.08 |
| अग्रिम | 1,20.03 | 1,26.64 | अग्रिम | 1,20.03 | 1,26.60 |
| उच्चंत एवं विविध | 3,81,42.45 | 3,45,66.50 | उच्चंत एवं विविध (र) | 3,82,90.00 | 3,49,12.50 |
| प्रेषण | 48,16.69 | 31,17.05 | प्रेषण | 44,99.49 | 32,18.31 |
| लोक लेखा का कुल प्राप्तियां | **4,78,27.46** | **4,14,80.66** | लोक लेखा का कुल भुगतान | **4,69,87.56** | **4,14,92.64** |
| लोक लेखा में कमी | .. | **11.98** | लोक लेखा में आधिक्य | **8,39.90** | .. |
| प्रारम्भिक रोकड़ शेष | **(-) 5.21** | **1,10.62** | अन्तिम रोकड़ शेष | **5,58.31** | **(-) 5.21** |
| रोकड़ शेष में वृद्धि | **5,63.52** | .. | रोकड़ शेष में कमी | .. | 1,15.83 |

अ. वेतन, सब्सिडी एवं सहायक अनुदान के आँकड़ों को सभी खण्डों से एकीकृत किया गया है। इस विवरण में सामाजिक, सामान्य एवं आर्थिक सेवाओं के व्यय में वेतन, सब्सिडी तथा सहायक अनुदान सम्मिलित नही है। (विस्तृत जानकारी ब में)

ब. सहायक अनुदान, सरकार द्वारा सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, स्वायत्त इकाइयों तथा स्थानीय निकायों आदि को दिया जाता है,जिसके ऊपर एकीकृत आँकडा दिया गया है। ये अनुदान स्थानीय निकायों को करों में क्षतिपूर्ति तथा समानुदेशन, से की भिन्न है जिसे अलग स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज को क्षतिपूर्ति तथा समानुदेशन के रूप में दिखाया गया है।

स. सहायक अनुदान में लघु शीर्ष–''20–सहायक अनुदान/अंशदान तथा राज्य सहायता'' सभी मुख्य शीर्षों से सम्मिलित है। मुख्य शीर्ष – 3604, स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेश अलग से दर्शाया गया है।

द. राष्ट्रीय अल्प बचत निधि में 1 अप्रैल 2013 को ₹ 74,03.60 करोड़ की राशि थी जो कि बढ़कर 31 मार्च 2014 को ₹ 79,48.67 करोड़ हो गई है।

य. ब्यौरे के लिए खण्ड–2 में विवरण संख्या–18 देखिए।

र. 'उच्चंत एवं विविध' में 'अन्य लेखे' जैसे मुख्य शीर्ष 8673 (नकद शेष निवेश लेखा) सम्मिलित है। इस कारण राशियां बढ़ी हुई लग रही है। कृपया ब्यौरे के लिए खण्ड–2 में विवरण संख्या–18 देखें।

# विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक
# (रोकड़ प्रवाह विवरण)

(करोड़ ₹ में)

| क | सामान्य रोकड़ शेषः | 31 मार्च 2014 | 31 मार्च 2013 |
|---|---|---|---|
| | 1. कोषागारों में शेष | 0.00 | 0.00 |
| | 2. रिजर्व बैंक में जमा | 5,58.31 | (-) 5.21 |
| | 3. स्थानीय प्रेषण चलन में | 0.00 | 0.00 |
| | **योग (1 से 3)** | **5,58.31** | **(-) 5.21** |
| | 4. रोकड़ शेष निवेश लेखा | 7,99.50 | 8,75.15 |
| | **योग (क)** | **13,57.81** | **8,69.94** |
| ख | **अन्य रोकड़ शेष व विनियोग** | | |
| | 1. विभागीय रोकड़ शेष | (-) 2.15 | (-) 2.15 |
| | 2. आकस्मिक व्यय हेतु विभागीय स्थाई अग्रिम | (-) 0.87 | (-) 0.87 |
| | उद्दिष्ट निधि से अलग निवेश | 10,78.62 | 10,78.62 |
| | **योग (ख)** | **10,75.60** | **10,75.60** |
| | **योग (क) एवं (ख)** | **24,33.41** | **19,45.54** |

## व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ

**क) रोकड़ एवं रोकड़ के अनुरूप–**

रोकड़ एवं रोकड़ के समान में कोषागारों में रोकड़ तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य बैंको में जमा एवं प्रेषण जैसा कि ऊपर दिया गया है, सम्मिलित है। 'रिजर्व बैंक में जमा' शीर्ष के शेष {उपरोक्त क (2)} वर्ष की समाप्ति पर समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक ऋण के संयुक्त शेषों को बताते हैं। रोकड़ की पूर्ण स्थिति 'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' में जमा के अन्तर्गत कोषागारों के शेषों, रोकड़ शेषों के अलावा विनियोग एवं विभाग संचित निधि इत्यादि के शेषों से प्राप्त हो सकती है।

# विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक
# (रोकड़ प्रवाह विवरण)

**(ख) दैनिक रोकड़ शेषः**

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ किए गए अनुबंध अनुसार राज्य सरकार को बैंक में प्रतिदिन का ₹ 0.16 करोड़ का न्यूनतम शेष रखना है यदि शेष राशि किसी दिन कम हो जाती है तो यह कमी समय–समय पर सामान्य और विशेष अर्थोपाय अग्रिमों को प्राप्त कर अधिविकर्ष द्वारा पूरी की जाती है।

दैनिक रोकड़ (*) शेष को बनाए रखने के लिए अर्थोपाय अग्रिम/अधिविकर्ष प्रदान किए जाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक उस दिन के लेनदेनों के साथ 14 दिनों के ट्रेजरी बिलों का मूल्यांकन करता है (भारतीय रिजर्व बैंक में अन्तर्राज्यीय लेनदेनों एवं अभिकर्ता बैंकों द्वारा सूचित किए गए कोषागार लेनदेनों द्वारा) इस प्रकार जो रोकड़ शेष प्राप्त होता है, ट्रेजरी बिलों यदि कोई हो की 14 दिन की परिपक्वता अवधि इसमें जोड़ दी जाती है यदि कोई अधिक शेष न्यूनतम रोकड़ शेष के पश्चात प्राप्त होता है तो उसे ट्रेजरी बिलों में विनियोजित कर दिया जाता है।

यदि शुद्ध रोकड़ शेष न्यूनतम रोकड़ शेष से कम होता है और उस दिन कोई ट्रेजरी बिल जो 14 दिनों में परिपक्व होने वाला ना हो, तो भारतीय रिजर्व बैंक अपरिपक्व ट्रेजरी बिलों का भी मूल्यांकन करता है और कमी को पूरा कर दिया जाता है यदि उस दिन इस प्रकार के ट्रेजरी बिल भी न हों तो राज्य सरकार अर्थोपाय अग्रिम/विशेष अर्थोपाय अग्रिम/अधिविकर्ष के बिल आवेदित करती है।

**(ग) अर्थोपाय अग्रिमः**

राज्य सरकार के सामान्य अर्थोपाय अग्रिम की सीमा दिनांक 01अप्रैल 2009 से ₹1,45.00 करोड़ थी। बैंक राज्य सरकार के प्रतिभूतियों के आधार पर विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्रदान करने के लिए भी सहमत हुआ। बैंक विशेष अर्थोपाय अग्रिमों की सीमा समय–समय पर पुनरीक्षित करता है। वर्ष 2013-14 के दौरान विशेष अर्थोपाय अग्रिम की सीमा ₹ 1,46.10 करोड़ से ₹ 2,18.60 करोड़ थी।

| न्यूनतम अवशेष में कमी | दर |
|---|---|
| (अ) सामान्य अर्थोपाय अग्रिम | |
| (i) 90 दिनों तक | 8 प्रतिशत |
| (ii) 90 दिनों से आगे | 9 प्रतिशत |
| (आ) विशेष अर्थोपाय अग्रिम | 7 प्रतिशत |
| (इ) ओवर ड्राफ्ट | |
| (i) सामान्य के अन्तर्गत अर्थोपाय अग्रिम सीमा | 10 प्रतिशत |
| (ii) सामान्य के ऊपर अर्थोपाय अग्रिम सीमा | 13 प्रतिशत |

# विवरण संख्या 2 का अनुलग्नक
# (रोकड़ प्रवाह विवरण)

(अ) सामान्य आर्थोपाय अग्रिम जिस सीमा तक शासन ने वर्ष 2013–14 तक रिजर्व बैंक ने न्यूनतम रोकड़ शेष व्यवस्थित किया है, नीचे दिया गया है।

(i) दिनों की संख्या जिनमें बिना कोई अग्रिम प्राप्त किये न्यूनतम शेष रहा। 349 दिन

(ii) दिनों की संख्या जिनमें सामान्य अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम शेष रहा। शून्य दिन

(iii) दिनों की संख्या जिनमें विशेष अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त करने के पश्चात न्यूनतम शेष रहा। 16 दिन

(iv) दिनों की संख्या जिनमें उपरोक्त अग्रिमों को प्राप्त करने के पश्चात तथा अधिविकर्ष को छोडकर न्यूनतम शेष में कमी रही। – शून्य दिन

(v) दिनों की संख्या जिनमें अधिविकर्ष प्राप्त किया गया। शून्य दिन

**(घ) खजाना बिल**

(द) दिनांक 01 अप्रैल 2013 से दिनांक 31 मार्च 2014 के दौरान ₹ 2,17,75.36 करोड़ के ट्रेजरी बिल क्रय किए गए एवं ₹ 2,18,51.01 करोड़ रूपये की राशि के ट्रेजरी बिलों का विक्रय किये गए इस प्रकार शीर्ष के अंर्तगत ₹ 75.65 करोड के ट्रेजरी बिल शेष रहे।

(स) दिनांक 31मार्च 2014 तक सामान्य रोकड़ शेष तथा उद्दिष्ट निधियों से किया गया विनियोजन निम्नवत है:

(करोड़ ₹ में)

| क्र. सं. | | रोकड़ शेष निवेश लेखा | उद्दिष्ट निधि | योग |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | भारत सरकार की प्रतिभूतियां | -- | 10,78.62 | 10,78.62 |
| **2.** | भारत सरकार के कोषागार बिल | 7,99.50 | -- | 7,99.50 |

(*) उपरोक्त रोकड़ शेष भारतीय रिजर्व बैंक में जमा 31 मार्च का रोकड़ शेष है जो कि 16 अप्रैल को आगणित किया गया न कि 31 मार्च के दैनिक शेष से।

## 3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

| (I) कर तथा करेतर राजस्व | | (करोड़ ₹ में) | |
|---|---|---|---|
| | | वास्तविक आँकड़े | |
| | वर्णन | **2013-14** | **2012-13** |
| क. | **कर राजस्व** | | |
| क. 1 | **स्वकर राजस्व** | **73,55.34** | **64,14.25** |
| | भू–राजस्व | 21.65 | 10.59 |
| | स्टाम्प तथा पंजीकरण फीस | 6,86.71 | 6,48.40 |
| | राज्य उत्पाद शुल्क | 12,69.29 | 11,17.92 |
| | बिक्री कर | 49,02.91 | 42,89.41 |
| | वाहन कर | 3,68.83 | 3,04.29 |
| | अन्य | 1,05.95 | 43.64 |
| क. 2 | **करों का शुद्ध समनुदेशित भाग** | **35,73.38** | **32,72.88** |
| | निगम कर | 12,01.71 | 11,75.59 |
| | निगम कर से भिन्न आय पर कर | 7,91.29 | 7,03.81 |
| | सम्पत्ति कर | 3.30 | 1.98 |
| | सीमा शुल्क | 5,83.01 | 5,43.85 |
| | संघ उत्पाद शुल्क | 4,11.76 | 3,69.60 |
| | सेवा कर | 5,82.31 | 4,78.05 |
| | **योग–क** | **1,09,28.72** | **96,87.13** |
| ख. | **करेतर राजस्व** | | |
| | वानिकी तथा वन्य प्राणी | 3,62.70 | 2,38.20 |
| | अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग | 2,49.99 | 1,09.85 |
| | पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान तथा वसूली | 2,45.78 | 7,48.65 |
| | बिजली | 1,21.11 | 1,50.04 |
| | ब्याज प्राप्तियां | 51.12 | 1,14.76 |
| | विविध सामान्य सेवाएँ | 48.74 | 25.85 |
| | चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य | 44.04 | 30.00 |
| | शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति | 39.91 | 38.80 |
| | अन्य प्रशासनिक सेवाएँ | 32.38 | 38.71 |
| | जेल | 16.76 | 1.16 |
| | लोक निर्माण कार्य | 15.51 | 18.13 |
| | पुलिस | 13.40 | 10.98 |
| | सहकारिता | 9.78 | 1.38 |

## 3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

| (I) कर तथा करेतर राजस्व | | (करोड़ ₹ में) | |
|---|---|---|---|
| | | वास्तविक आँकड़े | |
| ख. | करेतर राजस्व | **2013-14** | **2012-13** |
| | पशुपालन | 8.46 | 1.77 |
| | अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम | 6.65 | 4.14 |
| | मध्यम सिंचाई | 6.51 | 7.52 |
| | फसल कृषि–कर्म | 6.32 | 15.83 |
| | सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण | 5.27 | 3.21 |
| | अन्य सामाजिक सेवाएँ | 5.27 | 4.38 |
| | अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएँ | 4.49 | 3.82 |
| | शहरी विकास | 3.98 | 10.33 |
| | जलापूर्ति तथा सफाई | 3.86 | 1.98 |
| | आवास | 2.76 | 1.77 |
| | श्रम तथा रोजगार | 2.64 | 2.46 |
| | लघु सिंचाई | 2.12 | 2.91 |
| | लेखन सामग्री तथा मुद्रण | 1.89 | 2.06 |
| | सड़क परिवहन | 1.17 | 0.67 |
| | लोक सेवा आयोग | 0.95 | 0.73 |
| | सड़क तथा सेतु | 0.53 | 0.22 |
| | पर्यटन | 0.48 | 1.22 |
| | ग्राम तथा लघु उद्योग | 0.43 | 0.31 |
| | सिविल आपूर्ति | 0.43 | 0.40 |
| | दुग्ध विकास | 0.31 | 1.09 |
| | लाभांश तथा लाभ | 0.30 | 0.19 |
| | मुख्य सिंचाई | 0.24 | 0.13 |
| | मत्स्य पालन | 0.11 | 8.07 |
| | नगर विमानन | 0.06 | 0.00 |
| | अन्य कृषि कार्यक्रम | 0.04 | 0.06 |
| | सूचना तथा प्रचार | 0.04 | 0.10 |
| | परिवार कल्याण | 0.01 | 0.16 |
| | उद्योग | 0.00 | 0.84 |
| | **योग–ख** | **13,16.54** | **16,02.88** |

## 3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(II)** भारत सरकार से अनुदान | | | (करोड़ ₹ में) | |
| | | | वास्तविक आँकड़े | |
| | विवरण | | **2013-14** | **2012-13** |
| ग | अनुदान | | | |
| | केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान | | **50,75.27** | **44,57.21** |
| | आयोजनेतर अनुदान | | **9,80.77** | **8,68.64** |
| | | राष्ट्रीय आपदा राहत निधि | 3,29.50 | .. |
| | | संविधान के अन्तर्गत अनुदान (राजस्व आदेश का वितरण) | 3,71.63 | 6,21.62 |
| | | राज्य आपदा राहत निधि | 1,49.00 | 2,09.59 |
| | | अन्य अनुदान | 11.18 | 3.42 |
| | | केन्द्रीय सड़क निधि अनुदान | 1,19.46 | 34.01 |
| | | | | |
| | राज्य/संघ क्षेत्र की योजनागत स्कीमों के लिए अनुदान | | **35,58.07** | **30,40.11** |
| | | एकमुश्त (ब्लाक) अनुदान | 35,39.76 | 30,16.05 |
| | | अन्य अनुदान | 18.31 | 24.06 |
| | | | | |
| | केन्द्रीय योजनागत स्कीमों के लिये अनुदान | | **13.01** | **7.59** |
| | केन्द्र द्वारा समर्थित योजनागत स्कीमों के लिए अनुदान | | **5,23.42** | **5,40.87** |
| | योग–ग | | **50,75.27** | **44,57.21** |
| | योग–राजस्व प्राप्तियाँ (क+ख+ग) | | **1,73,20.53** | **1,57,47.22** |
| **(III)** | पूँजी, लोक ऋण एवं अन्य प्राप्तियाँ | | | |
| घ | पूँजीगत प्राप्तियाँ | | | |
| | विनिवेश प्राप्तियाँ | | | .. |
| | अन्य | | 1,80.40 | .. |
| | योग–घ | | **1,80.40** | .. |

## 3. प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि)

| (III) पूँजी, लोक ऋण एवं अन्य प्राप्तियाँ | | | (करोड़ ₹ में) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | वास्तविक आँकड़े | |
| | वर्णन | | **2013-14** | **2012-13** |
| ड़ | **लोक ऋण प्राप्तियाँ** | | **40,38.48** | **29,82.59** |
| | राज्य सरकार का आन्तरिक ऋण | | **40,03.52** | **29,47.88** |
| | | बाजार ऋण | 25,00.00 | 17,50.00 |
| | | भारतीय रिर्जव बैंक से अर्थोपाय अग्रिम (अ) | 1,65.31 | 15.15 |
| | | वित्तीय संस्थाओं से ऋण | 5,47.53 | 5,27.41 |
| | | राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को विशेष प्रतिभूति जारी करना | 7,90.68 | 7,39.38 |
| | | अन्य ऋण | ... | (-) 84.06 |
| | **केन्द्र सरकार से ऋण और अग्रिम** | | **34.96** | **34.71** |
| | | आयोजनेत्तर ऋण | | |
| | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आयोजनागत योजना हेतु ऋण | 34.96 | 34.71 |
| | | केन्द्र आयोजनागत योजनाओं हेतु ऋण | .. | .. |
| | | केन्द्रीयकृत्त समनुदेशित योजनाओं के लिए ऋण | .. | .. |
| | योग ड़ | | **40,38.48** | **29,82.59** |
| च. | **राज्य सरकार द्वारा ऋण एवं अग्रिम (वसूलियाँ)** (ब) | | **55.23** | **4,28.44** |
| छ. | **अंतर्राज्यीय परिशोधन लेखा** | | | |
| | **समेकित निधि की कुल प्राप्तियाँ (क,ख,ग,घ,ड़ व च)** | | **2,15,94.64** | **1,91,58.25** |

(अ) अर्थोपाय अग्रिम

(ब) विस्तृत विवरण के लिए खण्ड –2 में विवरण संख्या 7 और 16 देखें।

**4. व्यय का विवरण (समेकित निधि)**

अ. व्यय क्रियाकलाप से (करोड़ ₹ में)

| | व्याख्या | राजस्व | पूँजीगत | ऋण एवं अग्रिम | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| क | सामान्य सेवा | | | | |
| क. 1 | राज्य के अंग | | | | |
| | संसद / राज्य / संघ राज्य क्षेत्र विधानमण्डल | 20.58 | ... | ... | 20.58 |
